# पाठ 2

# गुरुदेव

**आइए सीखें –** ● चित्रकथा पढ़ना। ● मौन वाचन करना। ● महापुरुषों की जीवनी से परिचित होना। ● शुद्ध वाक्य लिखना। ● शब्द युग्म, विलोम तथा समानार्थी शब्दों को जानना।

(1)

7 (सात) मई सन् 1861 (अट्ठारह सौ इकसठ)। बंगाल के कलकत्ता (कोलकाता) नगर में एक प्रतिष्ठित परिवार में एक बालक ने जन्म लिया।




(2)


धीरे–धीरे रवीन्द्र बड़ा होने लगा। बचपन में रवीन्द्रनाथ को सभी रवि कहकर बुलाते। रवि ने शिक्षा के साथ–साथ धार्मिक संस्कार भी प्राप्त किए।




**शिक्षण संकेत –** ● चित्रों और उनके ऊपर दिए गए वर्णन के आधार पर रवीन्द्रनाथ ठाकुर के जीवन से परिचित कराएँ। ● चित्रकथा समझने और पढ़ने का ढंग बताकर चित्रों पर बातचीत करवाएँ।

(3)

रवीन्द्र को प्रकृति से बहुत प्यार था। वे अक्सर बाग–बगीचों में घूमते रहते।




(4)

प्रकृति प्रेम में डूबे रवीन्द्र का मन कल्पनाओं में खोने लगा। वे कविता लिखने लगे। रवि ने 7 (सात) वर्ष की आयु में अपनी पहली कविता लिखी। उनके बड़े भाई उसे लेकर नेशनल पेपर के सम्पादक के पास गए।




(5)

रवीन्द्र गाते भी अच्छा थे। घर वाले उन्हें कोकिल कण्ठी कहते थे।




(6)

रवीन्द्र की रचनाएँ छपी। पुस्तकें भी प्रकाशित हुईं। एक दिन ......



(7)

शान्ति निकेतन श्री देवेन्द्र नाथ द्वारा बनाया गया एक छोटा सा स्थान था।





(8)

बड़े होने पर रवीन्द्रनाथ उच्च शिक्षा के लिए इंग्लैण्ड गए पर वे वहाँ से जल्दी लौट आए।





(9)

उन्होंने सन् 1901 (उन्नीस सौ एक) में शान्ति निकेतन में विद्यालय खोला जहाँ बच्चे स्वतन्त्रतापूर्वक प्राकृतिक वातावरण में ज्ञान प्राप्त करने लगे।



(10)

महात्मा गांधी उन्हें गुरुदेव कहते थे। शान्ति निकेतन के छात्र व अध्यापक भी उन्हें गुरुदेव कहते। वे गुरुदेव के नाम से ही प्रसिद्ध हो गए।



(11)

सन् 1905 (उन्नीस सौ पाँच) में अंग्रेजों ने बंगाल प्रान्त को दो भागों में बाँटना चाहा। गुरुदेव ने भी इसका विरोध किया।




(12)

सन् 1912 (उन्नीस सौ बारह) में उनकी पुस्तक 'गीतांजलि' पर नोबेल पुरस्कार देने की घोषणा की गई।





(13)

इंग्लैण्ड के सम्राट ने उन्हें 'सर' की उपाधि दी पर सन् 1919 (उन्नीस सौ उन्नीस) में जलियाँवाला काण्ड से दुखी होकर उन्होंने उसे लौटा दिया।




(14)

साठ वर्ष की आयु में उन्होंने चित्र बनाने शुरु किए। रवीन्द्र संगीत की तरह उनकी चित्रशैली भी प्रसिद्ध हुई।



(15)




(16)





● **शान्ति निकेतन** – महर्षि देवेन्द्रनाथ ठाकुर द्वारा स्थापित एक आश्रम जहाँ गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर द्वारा विद्यालय और विश्व भारती संस्था की स्थापना की गई। यह पश्चिम बंगाल में बोलपुर नामक स्थान पर है।

● **नोबेल पुरस्कार** – डायनामाइट के आविष्कारक स्वीडन के महान वैज्ञानिक अल्फ्रेड नोबेल की वसीयत के अनुसार 'नोबेल फाउंडेशन' संस्था द्वारा भौतिकी, रसायन, चिकित्सा, साहित्य, शांति और अर्थशास्त्र के लिए सर्वश्रेष्ठ काम करने वालों को प्रति वर्ष यह पुरस्कार दिया जाता है। इसकी वर्तमान राशि लगभग 5 (पाँच) करोड़ रूपए है।

● **जलियाँवाला काण्ड** – सन् 1919 (उन्नीस सौ उन्नीस) में अमृतसर के जलियाँवाला बाग में अंग्रेजों के विरोध में शान्तिपूर्वक सभा कर रहे सैकड़ों लोगों पर अंग्रेजों ने गोलियाँ चलाईं जिससे सैकड़ों निर्दोष लोग मारे गए।

● **रवीन्द्र संगीत** – गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर द्वारा अपने लिखे गीतों की धुन स्वयं बनाई थी, उसे रवीन्द्र संगीत कहा जाता है।



## शब्दार्थ

प्रतिष्ठित—सम्मानित, प्रतिष्ठा प्राप्त। संस्कार—श्रेष्ठगुण। कथा—कहानी। वृद्ध—बूढ़ा। प्रकृति—चराचर संसार और उसके समस्त पदार्थ। कोकिल कण्ठी—जिसकी आवाज कोयल जैसी मीठी और मधुर हो। प्रकाशित होना—छपना। सुरीला—मधुर। रुचि—लगाव। प्रान्त—राज्य। विभाजन—बँटवारा। निर्दोष—जिसका दोष न हो। प्रसिद्ध—नामी, विख्यात। एशियाई—एशिया महाद्वीप में रहने वाला। काण्ड —घटना। शैली—तरीका। संगीतज्ञ—संगीतकार, संगीत जानने वाला।




### 1. बोध प्रश्न

1. नीचे लिखे प्रश्नों के चार–चार सम्भावित उत्तर दिए गए हैं। सही उत्तर पर सही का चिह्न ( ✓ ) लगाइए–

(1) रवीन्द्रनाथ ठाकुर (टैगौर) का जन्म कहाँ हुआ था?

(क) दिल्ली (ख) कोलकाता (कलकत्ता)

(ग) कानपुर (घ) इलाहाबाद

(2) बालक रवि ने अपनी पहली कविता किस उम्र में लिखी थी?

(क) 7 वर्ष (ख) 15 वर्ष

(ग) 10 वर्ष (घ) 12 वर्ष

(3) रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने अपना विद्यालय किस स्थान पर खोला था?

(क) श्रीकान्त निकेतन (ख) परमार्थ निकेतन

(ग) शान्ति निकेतन (घ) प्रशान्त निकेतन

(4) रवीन्द्रनाथ ठाकुर को गुरुदेव का सम्बोधन सबसे पहले किसने दिया था?

(क) जवाहरलाल नेहरु (ख) सरदार वल्लभ भाई पटेल

(ग) महात्मा गांधी (घ) सुभाष चन्द्र बोस

(5) रवीन्द्रनाथ ठाकुर उच्च शिक्षा प्राप्त करने किस देश में गए थे?

(क) पोलैण्ड (ख) न्यूजीलैण्ड

(ग) हालैण्ड (घ) इंग्लैण्ड

2. **रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए–**

(क) रवीन्द्रनाथ को ———————— पुस्तक पर नोबेल पुरस्कार प्राप्त हुआ। (गीतांजलि, श्रद्धांजलि)

(ख) रवीन्द्रनाथ को ——————— से बहुत प्यार था। (सम्पत्ति, प्रकृति)

(ग) रवीन्द्रनाथ को सभी सम्मानपूर्वक ———————— कहकर पुकारते थे। (रवि, गुरुदेव)

(घ) गुरुदेव ने —————————— संगीत की रचना की। (रवीन्द्र, कवीन्द्र)

3. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –**

(क) रवीन्द्रनाथ ठाकुर का जन्म कब और कहाँ हुआ था?

(ख) रवीन्द्र को 'कोकिल कण्ठी' क्यों कहते थे?

(ग) देवेन्द्रनाथ जी अपने बेटे को कहाँ ले गए?

(घ) शान्ति निकेतन विद्यालय की क्या विशेषता थी?

(ड) गुरुदेव का कौन सा गीत 'राष्ट्रगान' बना?

## भाषा अध्ययन

1. **नीचे कुछ वाक्यों को अलग–अलग भागों में लिखा गया है। उन्हें मिलाकर शुद्ध वाक्य लिखिए–**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) | पर उन्हें | गीतांजलि | मिला | नोबेल पुरस्कार |
| (ख) | सभी रवीन्द्रनाथ | बुलाते थे | को बचपन में | रवि कहकर |
| (ग) | खोला | उन्होंने | शान्ति निकेतन में | एक विद्यालय |
| (घ) | उन्होंने चित्र | आयु में | साठ वर्ष की | बनाना शुरू किया |

### शुद्ध वाक्य

1. ————————————————————————————

2. ————————————————————————————

3. ————————————————————————————

4. ————————————————————————————

**2. 'मान–सम्मान' दोनों युग्म शब्द हैं। इसी प्रकार साथ–साथ आने वाले कुछ शब्द नीचे लिखे हैं, उनको सही शब्द के साथ जोड़कर लिखिए।**

कलाप    काज    भरा    सज्जा    खुशी    दुलार

क्रिया ––––––––    हरा ––––––––––––    काम ––––––––––––

हँसी ––––––––    साज ––––––––––––    प्यार ––––––––––––

**3. नीचे लिखे शब्दों के विलोम (उल्टे अर्थ वाले) शब्द छाँट कर लिखिए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उधर | खोटा | बुराई | दुःख | गोरा | अचल |

जैसे–इधर – उधर

खरा – –––––––––

अच्छाई – –––––––––

सुख – –––––––––

चल – –––––––––

काला – –––––––––

**4. नीचे लिखे शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए–**

प्रेम – –––––––––

विद्यालय – –––––––––

आयु – –––––––––

पुत्र – –––––––––

## योग्यता विस्तार –

- गुरुदेव रवीन्द्रनाथ के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त कीजिए।
- गुरुदेव चित्रकथा के आधार पर रवीन्द्रनाथ ठाकुर की जीवनी अपने शब्दों में लिखिए।
- अन्य महापुरुषों की जीवनियाँ पढ़िए और उन पर कक्षा में चर्चा कीजिए।
- नोबेल पुरस्कार प्राप्त भारतीयों की सूची बनाइए।